# दावोस में यूपी पेश करेगा अपना ग्रोथ विजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब वैश्विक स्तर पर निवेश आकर्षित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। राज्य का प्रतिनिधिमंडल 19 से 23 जनवरी तक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्लूईएफ) 2026 की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेगा। इस मंच पर उत्तर प्रदेश अपना ग्रोथ विजन पेश करेगा और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के सामने राज्य में मौजूद निवेश संभावनाओं को रखेगा।

## वैश्विक निवेशकों से संवाद करने के लिए रवाना हुआ राज्य का प्रतिनिधिमंडल

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर होगी यूपी की ब्रांडिंग

इस वैश्विक मिशन का समन्वय इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री (वित्त एवं संसदीय कार्य) सुरेश कुमार खन्ना करेंगे। उनके साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार, मुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव अमित सिंह, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद तथा यूपीनेडा के निदेशक इंदरजीत सिंह भी शामिल होंगे। दावोस में उत्तर प्रदेश को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के लिए आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। क्यूरेटेड ब्रांडिंग, निवेश प्रस्तुतियों, मल्टीमीडिया शोकेस और द्विपक्षीय बैठकों के माध्यम से आईटी, ऊर्जा, उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश अवसरों को सामने रखा जाएगा। ब्यूरो